प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन तथा दो मंत्रियों के साथ पहुंचे दिल्ली, दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि, आज अंतिम यात्रा में होंगे शामिल।
- राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने की समीक्षा बैठक, बार संचालकों को एसओपी का पालन करने का दिया सख्त निर्देश।
- राज्य में आज से दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा समेत 13 जिलों में आज बारिश होने का जताया पूर्वानुमान।
- सात वर्ष बाद हॉकी इंडिया लीग की वापसी, राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आज से 18 जनवरी तक होंगे पहले चरण के मुकाबले।

*******************

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह साढे नौ बजे नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर निगम बोध घाट तक जाएगी। वहां सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर डॉक्टर मनमोहन सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

*******************

पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह के निधन से झारखंड में भी शोक व्याप्त है। राज्य सरकार ने सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया है। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिवंगत प्रधानमंत्री की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी तथा विधायक कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली पहुंच गये हैं। उन्होंने दिवंगत प्रधानमंत्री के नयी दिल्ली स्थित आवास जाकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद थे। बाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि मनमोहन सिंह हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

इधर, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर कहा कि देश अपना एक अभिभावक खो दिया है।

*******************

आकाशवाणी का दिल्ली केंद्र सुबह 11 बजे से अपने एफ.एम. रेनबो, इंद्रप्रस्थ, आकाशवाणी लाइव न्यूज 24.7 चैनल पर डाक्टर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार का आज सीधा प्रसारण करेगा। आकाशवाणी के सभी स्थानीय और प्राथमिक चैनल भी इसे प्रसारित करेंगे।

*******************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

*******************

राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने बार संचालकों को एसओपी का हर हाल में पालन करने का निर्देश दिया है। विभाग के कामकाज की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि वे कभी भी बार का औचक निरीक्षण कर सकते हैं और जो बार संचालक एसओपी का पालन करने में कोताही बरतते पाये जायेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मंत्री ने अधिकारियों को राजस्व संग्रह में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

*******************

गढ़वा जिले में खेती–किसानी में वैज्ञानिक और आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

*******************

राज्य में आज से पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखेगा। मौसम विभाग ने राज्य के 21 जिलों में आज आसमान में बादल छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, गढ़वा और चतरा समेत 13 जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी हो सकती है।

*******************

सात साल के लंबे अंतराल के बाद आज से हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में उद्घाटन मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स और विशाखापत्तनम की गोनासिका के बीच होगा। पहले चरण के सभी मुकाबले 18 जनवरी तक होंगे जबकि लीग का दूसरा चरण 19 जनवरी से शुरु होगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है–अपने मनमोहन को देश का नमन।
हिन्दुस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखता है– मनमोहन सिंह सबके मार्गदर्शक।
दैनिक जागरण के शब्द हैं– मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि स्थल पर विवाद।
प्रभात खबर की सुर्खी है– राज्य में सात दिनों का राजकीय शोक, मइंयां सम्मान कार्यक्रम स्थगित, राशि 28 तक खातों में देने का आदेश।
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज।
अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने मनमोहन सिंह के निधन पर देश–विदेश के नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने की खबर को पहले पन्न की सुर्खी बनायी है जबकि द टाइम्स ऑफ इंडिया ने
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा डॉक्टर मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************